**ECO-2**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## June, 2016

04715

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO-2 : ACCOUNTANCY-I

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks : 50*

*Weightage : 70%*

---

***Note :*** *Attempt **any four** questions, including question no. **1** which is **compulsory**.*

---

**1.** Attempt **any two** questions from the following : 7+7

(a) State the essential features of Receipts and Payments Account.

(b) Discuss the drawbacks of Single Entry System of accounting.

(c) Distinguish between 'consignment' and 'Joint Venture'.

(d) Describe briefly the procedure for locating errors.

2. On 1st April, 2010, Gama Ltd. purchased a machine for ₹ 3,90,000 and spent ₹ 10,000 for its installation. On 1st November, 2011, company purchased another machine for ₹ 1,00,000 and spent ₹ 20,000 on its overhauling. On 30th September, 2012, the machine purchased in 2010 was sold at a loss of ₹ 1,27,800. The company charges depreciation @ 10% p.a. on written down value basis. Accounts are closed on 31st March every year. Prepare machine account up to 31st March 2013. **12**

3. (a) Why is provision for doubtful debts created ? How is it shown in the Balance Sheet if it is given in (i) Adjustments and (ii) in trial balance ? **6+6**

   (b) Explain the role of Suspense Account in rectifying one sided errors with suitable examples.

4. On 1st September, 2013 Shri Gupta of Delhi sent 500 cases of goods @ ₹ 150 each to Shri Jha of Ranchi to be sold on his account at his risk for 7.5% commission and 2.5% del-credere commission and incurred ₹ 5,500 as expenses. ₹ 20,000 advance has been received on 31st December, 2013. Shri Jha sent an account sales disclosing that 300 cases have been sold for ₹ 230 each for cash and another 100 cases at ₹ 220 each on credit. He incurred ₹ 1,750 as selling expenses. He sends a bank draft for the net amount due. Prepare Consignment Account and Consignee Account in the books of Shri Gupta. **8+4**

5. Siyaram keeps incomplete records from the following, calculate total sales made during the period from 1st January, 2013 to 31st December 2013 : **12**

| | ₹ |
|---|---|
| Bills Receivables in the beginning | 7,800 |
| Bills Receivables encashed during the year | 20,900 |
| Debtors (1.1.2013) | 30,800 |
| Cash received from debtors | 70,000 |
| Bad-debts written off | 2,800 |
| Return inwards | 8,700 |
| Bills Receivables dishonoured | 1,800 |
| Bills Receivables at the end | 25,500 |
| Cash sales | 40,900 |
| Closing balance of Debtors | 6,100 |

6. (a) What is Trial Balance ? Explain how is it prepared. **6+6**

(b) State any six reasons of disagreement between the balances shown by Cash Book and Pass Book.

5. सीयाराम अपूर्ण अभिलेखे रखता है। निम्नलिखित विवरण के आधार पर 1 जनवरी, 2013 से 31 दिसंबर, 2013 तक की अवधि के दौरान हुए कुल विक्रय की राशि की गणना कीजिए : 8+4

| | ₹ |
|---|---|
| प्रारंभ में प्राप्य बिल (B/R) | 7,800 |
| वर्ष के दौरान भुनाए गए प्राप्य बिल | 20,900 |
| देनदार (1.1.2013) | 30,800 |
| देनदारों से प्राप्त राशि | 70,000 |
| डूबत ऋण अपलिखित किए | 2,800 |
| आगत वापसियां (Returns inwards) | 8,700 |
| अनादरित प्राप्य बिल | 1,800 |
| अंत में प्राप्य बिल | 25,500 |
| नकद विक्रय | 40,900 |
| देनदार (31.12.2013) | 6,100 |

6. (a) तलपट से क्या तात्पर्य है ? यह किस प्रकार बनाया जाता है ? 6+6

(b) रोकड़ बही तथा पास बुक द्वारा दर्शाये जाने वाले बैंक शेषों में अंतर के किन्हीं छः कारणों का उल्लेख कीजिए।

---

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2016

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-2 : लेखाविधि-I

*समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 50*
*कुल का : 70%*

---

*नोट : किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो क्योंकि यह **अनिवार्य** है।*

---

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7+7

   (a) प्राप्ति एवं भुगतान खाते की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

   (b) इकहरी लेखा प्रविष्टि प्रणाली के दोषों का वर्णन कीजिए।

   (c) प्रेषण तथा संयुक्त उपक्रम में अंतर बताइए।

   (d) अशुद्धियों का पता लगाने की क्रियाविधि का वर्णन कीजिए।

2. 1 अप्रैल, 2010 को गामा लि. ने ₹ 3,90,000 में एक मशीन खरीदी जिसके संस्थापन पर ₹ 10,000 व्यय किए गए। 1 नवंबर, 2011 को कंपनी ने ₹ 1,00,000 की एक और मशीन खरीदी जिस की मरम्मत पर ₹ 20,000 व्यय किए। 30 सितंबर, 2012 को 2010 में खरीदी गई मशीन को ₹ 1,27,800 की हानि पर बेच दिया गया। कंपनी ह्रासित शेष विधि के अनुसार 10% प्रतिवर्ष की दर से मूल्यह्रास लगाती है। हर साल 31 मार्च को लेखे बंद किए जाते हैं। आप 31 मार्च, 2013 तक का मशीन खाता बनाइए। **12**

3. (a) अशोध्य ऋणों के लिए क्यों प्रावधान किया जाता है? इसे बैलेंसशीट में कैसे दिखाया जाता है (i) यदि यह समायोजनों में दिया हो, और (ii) यदि यह तलपट में दिया हो। **6+6**

   (b) एक पक्षीय अशुद्धियों के संशोधन में उचंत खाते की भूमिका की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

4. 1 सितंबर, 2013 को दिल्ली के श्री गुप्ता ने रांची के श्री झा को ₹ 150 प्रति पेटी वाले माल की 500 पेटियां भेजी जिन पर उसे 7.5% सामान्य कमीशन तथा 2.5% आश्वासी (del-credere) कमीशन दिया जाना है। उस ने ₹ 5,500 माल भेजने पर व्यय किए। 31 दिसंबर, 2013 को ₹ 20,000 अग्रिम राशि के रूप में प्राप्त हुए। बाद में श्री झा ने एक विक्रय विवरण भेजी जिसके अनुसार 300 पेटियां ₹ 230 प्रति पेटी के हिसाब से नकद बेची गयी तथा 100 पेटियां ₹ 220 प्रति पेटी के हिसाब से उधार पर बेची गयी। उसने ₹ 1,750 विक्रय व्यय किए। उसने निवल राशि का एक बैंक ड्राफ्ट भेज दिया। **8+4**

   श्री गुप्ता की पुस्तकों में प्रेषण खाता तथा परेषिती का खाता तैयार कीजिए।